<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 3475

15 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन

3475. श्री विष्णु दयाल रामः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में जनवरी 2017 में इस्पात के 12 प्रतिशत उत्पादन के साथ अधिकतम वृद्धि दर्ज की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस्पात की मांग में वृद्धि हुई है और इस्पात की कीमतों में भी सुधार हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) और (ख): जी हाँ। जनवरी 2016 की तुलना में प्रतिशत बदलाव सहित जनवरी 2017 के दौरान क्रूड इस्पात के उत्पादन संबंधी आंकड़ें नीचे दिए गए हैं, जो दर्शाते हैं कि जनवरी 2016 की तुलना में जनवरी 2017 के दौरान 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी:-

माह	**भारत : क्रूड इस्पात उत्पादन**	
	मात्रा (एमटी में)	**% बदलाव**
जनवरी 2017	8.81	17
जनवरी 2016	7.50	
स्रोत: जेपीसी; एमटी= मिलियन टन		

(ग) और (घ): निम्न तालिका में सूचित किया गया है कि गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में प्रतिशत बदलाव सहित गत तीन वर्षों के दौरान कुल फिनिश्ड इस्पात की खपत में वृद्धि हुई है।

अवधि	**कुल फिनिश्ड इस्पात (अलॉय+नॉन अलॉय) खपत**	
	मात्रा (एमटी में)	**% बदलाव**
2018-19*	97.54	7.5
2017-18	90.70	7.9
2016-17	84.04	-
स्रोत: जेपीसी; * अनंतिम		

विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में प्रतिशत बदलाव सहित जून 2019 के दौरान लोहा और इस्पात की मुख्य मदों के घरेलू, औसत, खुदरा कीमतों (दिल्ली बाजार) संबंधी आंकड़े सूचित करते हैं कि नॉन-अलॉय लॉन्ग और फ्लैट श्रेणियों में लोहा एवं इस्पात की मुख्य मदों की इस्पात कीमतों में गिरावट आई है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है।

मद	**घरेलू, औसत, खुदरा मूल्य (दिल्ली बाजार)**		
	जून 2019 (रुपया/टी)	**जून 2018 (रुपया/टी)**	**% बदलाव**
वायर रॉड 8 एमएम	47200	52905	-11
राउंड्स 12 एमएम	45582	49855	-9
टीएमटी 10 एमएम	48610	52758	-8
प्लेट्स 10 एमएम	48085	53965	-11
एचआर क्वायल्स 2.00 एमएम	49914	56640	-12
सीआर क्वायल्स 0.63 एमएम	52920	62835	-16
जीपी शीट्स 0.63 एमएम	62847	67260	-7
स्रोत: जेपीसी			

****